देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 273 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...जीवन में क्रांतिकारी बदलाव



देहरादून, मंगलवार, 10 दिसंबर 2019

# पेज थ्री

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 8.0°

40487.43

2 शरीफ को ले जाया जा सकता है अमेरिका | 7 फील्डिंग इतनी खराब रही तो...

# गलत साबित हुआ तो ले लेंगे वापस

## नागरिकता संशोधन बिलः गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किया पेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। होम मिनिस्टर अमित शाह ने नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया है। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए विपक्ष के ऐतराजों का जवाब देते हुए कहा कि यदि आप लोग इसे गलत साबित कर देंगे तो हम बिल वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम भारत में अल्पसंख्यकों को लेकर चिंतित हैं, उसी तरह पड़ोसी मुल्कों से आने वाले माइनॉरिटी समुदाय के लोगों के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। शाह ने कहा, भारत के अल्पसंख्यकों की हम चिंता करते हैं तो क्या बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाक के पीड़ित अल्पसंख्यकों की चिंता नहीं होनी चाहिए? हम जो बिल लाए हैं, वह हमारे घोषणा पत्र के मुताबिक है। अमित शाह ने कहा कि लाखों करोड़ों लोग वहां से धकेल दिए गए। कोई भी व्यक्ति अपना देश यहां तक कि गांव भी



यूं ही नहीं छोड़ता। कितने अपमानित हुए होंगे, तब जाकर वे यहां आए। इतने सालों से रहने वाले लोगों को यहां न शिक्षा, न रोजगार, न नागरिकता और न ही अन्य कोई सुविधा है। इस बिल से लाखों लोगों को नारकीय यातना से मुक्त मिल जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि नागरिकता को लेकर इस तरह के कानून पहले भी बने हैं। उन्होंने कहा कि 1947 में लाखों लोगों ने भारत की शरण ली थी और हमने उन्हें नागरिकता देते हुए तमाम अधिकार दिए। ऐसे में ही लोगों में से मनमोहन सिंह और लालकृष्ण आडवाणी जैसे लोग भी हुए, जो पीएम से लेकर उपप्रधानमंत्री तक बने।

### जवाब

■शरणार्थियों में से ही हमें मिले मनमोहन और आडवाणी

### पूर्वोत्तर राज्यों की चिंताओं को किया दूर

इस विधेयक को लेकर असम समेत पूर्वोत्तर राज्यों की चिंताओं को दूर करते हुए अमित शाह ने कहा कि हम असम, अरुणाचल और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बंगाल ईस्ट फ्रंटियर कानून लागू रहेगा। इसके अलावा नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट लागू रहेगा। उन्होंने कहा कि अब तक मणिपुर में इनर लाइन परमिट नहीं था, लेकिन अब लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह से हम पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की चिंताओं को दूर करना चाहते हैं।

# देश में रोजगार की कोई कमी नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को एक बार फिर दोहराया कि देश में रोजगार की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने लोकसभा में कहा कि इसका कोई कारण नजर नहीं आता, जिससे रोजगार में कमी आने की बात स्पष्ट होती हो। विपक्ष ने सवाल उठाया था कि नोटबंदी की वजह से देश में रोजगारों में भारी कमी आई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ज्यादा से ज्यादा रोजगारों के सृजन के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। प्रश्नकाल के दौरान गंगवार ने

♦कोई कारण नहीं जिससे रोजगार में कमी आने की बात स्पष्ट होती होः श्रममंत्री

कहा, इस बात का कोई कारण नहीं है कि रोजगार कम हुआ है। **टीएमसी सांसद ने उठाया था सवालः** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने सवाल उठाते हुए कहा था कि नोटबंदी के कारण उनके लोकसभा क्षेत्र में हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं और सरकार इस संबंध में कोई कदम उठाएगी या नहीं। कल्याण पश्चिम बंगाल के सेरमपुर लोस क्षेत्र से सांसद हैं। सरकार ने नवंबर 2016 में नोटबंदी की थी, जिसके तहत 500 और 1,000 रुपये को नोट को चलन से बाहर कर दिया गया था।

### माइग्रेट करने का अधिकार

मंत्री ने कहा कि बेहतर अवसरों तथा संभावनाओं की तलाश में देश के हर व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से में प्रवास करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, देश का संविधान हर नागरिक को देश के किसी भी हिस्से में जाने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

### माइग्रेशन की परेशानियां दूर होंगी

इसके अलावा, गंगवार ने कहा कि माइग्रेशन के कारण होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार इंटर-स्टेट माइग्रैंट वर्कमेन (रेग्युलेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट ऐंड कंडिशंस ऑफ सर्विस) ऐक्ट, 1979 को लागू करने जा रही है।

# येदियुरप्पा का मिशन कामयाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

15 में से 12 सीटों पर खिल रहा कमल

बेंगलुरु। कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की है। पार्टी ने 10 सीटें जीत ली हैं और 2 पर उसके कैंडिडेट काफी आगे चल रहे हैं। उपचुनाव के रिजल्ट आने के साथ ही सीएम बीएस येदियुरप्पा ने राहत की सांस ली है। बीजेपी को 224 सदस्यों वाले सदन में अब स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। येदियुरप्पा ने पार्टी की जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि अब बिना किसी समस्या के स्थाई सरकार चल सकती है। बता दें कि उपचुनाव में येदियुरप्पा को सत्ता में बने रहने के लिए हर हाल में छह सीट जीतना जरूरी था।

कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में करारी हार के बाद पार्टी के विधायक दल के नेता एम सिद्धारमैया ने इस्तीफा दे दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 दिसंबर तक सुरक्षित रखें गैंगरेप आरोपियों के शव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। तेलंगाना हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि हैदराबाद एनकाउंटर में मारे गए आरोपियों के शवों को 13 दिसंबर तक सुरक्षित रखा जाए। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 दिसंबर तक के लिए टाल दी है। ऐसे में आरोपियों के शवों को परिवारों को नहीं सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले हाई कोर्ट ने आरोपियों के शवों को 9 दिसंबर (सोमवार) तक सुरक्षित रखने के लिए कहा था।

### राष्ट्रपति भवन के लिए निकले जेएनयू के छात्र, लाठीचार्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में फीस बढ़ोतरी का विवाद अब राष्ट्रपति तक पहुंच चुका है। जेएनयू के छात्र सोमवार को राष्ट्रपति भवन के लिए मार्च निकाल रहे हैं। वहीं रास्ते में ही पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई और पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। मार्च जेएनयू से शुरू हुआ था। छात्र राष्ट्रपति से अपील करना चाहते थे कि उनकी बढ़ी हुई फीस वापस ली जाए।

### राहुल ने एक बार फिर भारत को कहा रेप कैपिटल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हजारीबाग। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर हिंदुस्तान को रेप कैपिटल करार दिया। झारखंड के हजारीबाग में एक चुनावी रैली में राहुल ने कहा, श्आज पूरी दुनिया के लोग हिंदुस्तान की तरफ देखते हैं और कहते हैं, हिंदुस्तान तो बलात्कार का कैपिटल बन गया है। बता दें कि इससे पहले केरल के वायनाड में भी राहुल ने भारत को दुनिया के रेप कैपिटल करार दिया था। इसे लेकर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने राहुल गांधी को इशारों में नसीहत देते हुए कहा था कि देश को बदनाम ना करें। हजारीबाग में एक चुनावी रैली के दौरान महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए राहुल ने एक बार फिर देश को रेप कैपिटल कहा। उन्होंने कहा, हमारे समय में अर्थव्यवस्था तेजी से आगे दौड़ती थी।

# झारखंड में त्रिशंकु का डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

## कर्नाटक का जिक्र कर पीएम मोदी ने चेताया

बरही (झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड विधानसभा चुनाव के तीसरे दौर के मतदान से पहले सोमवार को बरही में चुनावी रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कर्नाटक उपचुनावों के नतीजों के रुझानों में बीजेपी की मजबूत स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने जनता से अपील की कि अगर वे झारखंड का विकास चाहते हैं तो बीजेपी को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने दें।

मोदी ने कर्नाटक के राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए झारखंड की जनता को आगाह किया और कहा, अगर त्रिशंकु परिणाम आता है तो कर्नाटक



की तरह तबाह करने वाले मैदान में आ जाते हैं। इसलिए हम तय करें कि हम झारखण्ड को बर्बाद नहीं होने देंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक में 15 विस सीटों के लिए हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। अभी तक के रुझानों में जनादेश स्पष्ट रूप से बीजेपी के पक्ष में है। उधर महज दो सीटों पर आगे चल रही कांग्रेस ने हार मान ली है।

### झारखंड याद रखे कर्नाटक का सच

कर्नाटक का उल्लेख करते हुए मोदी का कहना था, यह देश के तमाम राज्यों के लिए संदेश है कि कोई जनादेश के खिलाफ जाएगा, जनता को धोखा देगा, तो पहला मौका मिलते ही जनता उसे पूरी सजा देगी। कांग्रेस की सच्चाई को झारखंड के लोगों को भी याद रखना है। कर्नाटक के परिणामों को याद रखना जरूरी है। देश में उठापटक की राजनीति करने वाले नेताओं को ये मजबूत संदेश है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों के एक-एक उम्मीदवार को झारखंड में भी हराना जरूरी है।

**कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की याद दिलाईः** इससे पहले मोदी ने कर्नाटक की कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार पर तंज कसते हुए कहा, बीजेपी को रोकने के लिए इन्होंने जो सीएम बनाया था उसे भी रोज बंदूक दिखाई जाती थी। वह सीएम जनता के बीच रोता, गिड़गिड़ाता था। कर्नाटक के सीएम का हाल किडनैप होने वाले से भी बुरा कर दिया था।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मानव विकासः भारत से ज्यादा पाक ने की तरक्की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■भारत एक पायदान की छलांग लगाकर 130 से 129वें स्थान पर

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के मुताबिक 2019 में मानव विकास सूचकांक में भारत ने एक स्थान की छलांग लगाई है और 189 देशों के बीच इसकी रैंकिंग 129 हो गई है। यूएनडीपी की भारत में स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने कहा कि भारत में 2005-06 से 2015-16 के बीच 27.1 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। अभी भी हालांकि भारत की स्थिति ठीक नहीं है। यह श्रीलंका, ईरान तथा चीन जैसे देशों से भी काफी पीछे है। वहीं, पाकिस्तान इस सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़ने में कामयाब हुआ है, जबकि बांग्लादेश 2 पायदान ऊपर चढ़ा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भारत की रैंकिंग 130 थी। तीन दशकों से तेज विकास के कारण यह प्रगति हुई है, जिसके कारण गरीबी में कमी आई है। साथ ही जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में बढ़ोतरी के कारण भी रैंकिंग सुधरी है।

मानव विकास सूचकांक यानी ह्यूमन डिवेलपमेंट इंडेक्स जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, और आय सूचकांकों का एक संयुक्त सांख्यिकीय सूचकांक है।